बिना संगीत के अभिनय से बटोरीं तालियां

भोपाल में पहली बार नाटक 'उड़ान' का मंचन, दिखाया महिलाओं का संघर्ष

निज संवाददाता

भोपाल, 5 अगस्त. मंच पर जब पांच महिलाओं की ज़िंदगी एक साथ खुली, तो दर्शक खामोश होकर उनकी दुनिया में उतर गए. शहर के शिवाजी नगर स्थित अध्ययन भवन में द राइज़िंग सोसायटी ऑफ आर्ट की प्रस्तुति 'उड़ान' ने ज्ञान और चमक-दमक से दूर, सीधे जीवन की सच्चाई को सामने रखा. बिना भारी सेट और संगीत के, सिर्फ संवाद और अभिनय के दम पर कलाकारों ने ऐसा माहौल बनाया कि पूरा सभागार देर तक तालियों से गूंजता रहा. यह नाटक शहर में पहली बार मंचित किया गया.

नाटक पांच महिलाओं शीला, बंटी, रानी, कुंती और वीरा की कहानी है, जो एक ही अहाते में रहते हुए अपनी-अपनी मुश्किलों से जूझ रही हैं. कोई परिवार के तानों से दबा है, कोई आर्थिक बोझ से, तो कोई रिश्तों में शक और हिंसा से. रोजमर्रा की जद्दोजहद के बीच ये महिलाएं एक दिन अपने लिए जीने का फैसला करती हैं और शहर घूमने निकल पड़ती हैं. इस छोटे से फैसले में उनकी आजादी और खुशी की झलक दिखाई देती है.

दर्शकों को सोचने पर कर दिया मजबूर

हालांकि, दिन खत्म होते ही वे फिर उसी जिंदगी में लौट आती हैं, जहां समाज उनके चरित्र पर सवाल उठाता है. नाटक यहीं दर्शकों को सोचने पर मजबूर करता है कि एक दिन की खुशी भी इन महिलाओं के लिए क्यों मुश्किल बन जाती है.निर्देशन प्रीति झा तिवारी का रहा, जिन्होंने कलाकारों से सधा हुआ अभिनय करवाया. आयोजन में करीब 25 कलाकारों ने भाग लिया.

रामबहादुर राय को आज मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

भोपाल. तुलसी शोध संस्थान और संस्कृति विभाग द्वारा 6 अगस्त गुरुवार को मानस भवन में शाम 4 बजे अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा. इसमें वर्ष 2026 का 'पद्मभूषण युगतुलसी पं. श्री रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय पुरस्कार' वरिष्ठ पत्रकार और लेखक रामबहादुर राय को दिया जाएगा. आयोजकों ने बताया राय लंबे समय से पत्रकारिता और लेखन के क्षेत्र में सक्रिय हैं और सामाजिक मुद्दों पर उनके काम को व्यापक पहचान मिली है. वे वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष हैं और हिन्दुस्थान समाचार एजेंसी से भी जुड़े रहे हैं. कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति और पत्रकारिता से जुड़े लोग शामिल होंगे. संस्थान के मुताबिक यह सम्मान हर साल उन व्यक्तित्वों को दिया जाता है जिन्होंने समाज और विचार के क्षेत्र में योगदान दिया है.

संस्कृति के जरिए आपसी सहयोग पर चर्चा

कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में जुटे ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधि

निज संवाददाता

भोपाल, 5 अगस्त. ब्रिक्स देशों के सांस्कृतिक कार्य समूह की बैठक बुधवार को शुरू हुई, जिसमें सदस्य देशों ने संस्कृति के जरिए आपसी सहयोग बढ़ाने और साझा पहल आगे बढ़ाने पर चर्चा की.

यह बैठक कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में हुई. अधिकारियों के अनुसार इसका मकसद सदस्य देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूत करना और साझा विकास के रास्ते तलाशना है. बैठक में भारत के साथ ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, यूएई, इंडोनेशिया, ईरान और इथियोपिया के प्रतिनिधि शामिल हुए. कुछ प्रतिनिधि ऑनलाइन जुड़े.

सूत्रों के मुताबिक चर्चा का फोकस क्रिएटिव इकोनॉमी, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और सांस्कृतिक उद्योगों को बढ़ावा देने पर रहा. प्रतिनिधियों ने अपने-अपने देशों के अनुभव साझा किए और सहयोग के नए प्रस्ताव रखे.

> अधिकारियों ने बताया कि भारत की ओर से सांस्कृतिक सहयोग के लिए कुछ प्राथमिकताएं तय की गई हैं, जिनमें पारंपरिक कला, लोक संस्कृति और रचनात्मक उद्योगों को जोड़ना शामिल है. बैठक में इस बात पर भी जोर रहा कि संस्कृति केवल पहचान तक सीमित न रहे, बल्कि रोजगार और विकास से भी जुड़े. शाम को प्रतिनिधिमंडल ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का दौरा किया.

जीनगर समाज की बैठक में विकास और एकता पर जोर

निज संवाददाता

भोपाल, 5 अगस्त. हिंदी भवन में बुधवार को अखिल भारतीय जीनगर समाज एकीकरण महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति और प्रबुद्धजन बैठक हुई, जिसमें समाज के विकास, संगठन विस्तार और लंबित मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को ज्ञापन सौंपा गया. कार्यक्रम में देश के अलग-अलग राज्यों से आए पदाधिकारियों ने भाग लिया और समाज को एकजुट करने पर जोर दिया.

आयोजकों के अनुसार बैठक में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक उत्थान को लेकर कई मुद्दे उठाए गए. महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के हर परिवार तक संगठन की पहुंच बढ़ाने और युवाओं को जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा. उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि समाज से जुड़ी मांगों पर सरकार संवेदनशीलता से विचार करेगी और सकारात्मक पहल की जाएगी.

12 अगस्त से होगी जिला कुश्ती चयन स्पर्धा

भोपाल (खेल प्रतिनिधि). मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग के खेल महाकुंभ 2026-27 की शुरुआत जिला स्तरीय चयन स्पर्धाओं से होगी. इसके तहत भोपाल जिले की बालक और बालिका कुश्ती चयन स्पर्धा 12 से 14 अगस्त तक अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल भगवान सहाय मार्ग, भोईपुरा में आयोजित की जाएगी. इस स्पर्धा के आधार पर अगले चरण के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा. आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में केवल स्कूलों में अध्ययनरत खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे.

व्यापारी एआई और नई तकनीक अपनाएं : अग्रवाल

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मप्र का पदभार ग्रहण समारोह

नवभारत न्यूज

भोपाल, 5 अगस्त. कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश की नई कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह बुधवार को हुआ.

कार्यक्रम में व्यापारियों को संगठित कर उनकी समस्याओं के समाधान, तकनीक के बढ़ते उपयोग और छोटे कारोबारियों को मजबूत करने पर जोर दिया गया. साथ ही 12 से 15 अगस्त तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव-2026 में प्रदेश के व्यापारियों की भागीदारी बढ़ाने की अपील की गई. कैट मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेंद्र जैन ने कहा कि संगठन अब टकराव की जगह सरकार और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर काम करेगा. उनका कहना था कि छोटे व्यापारियों को ऑनलाइन कारोबार से बढ़ी चुनौतियों के बीच संगठित होकर अपनी बात रखने की जरूरत है.

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि व्यापार केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि रोजगार और विकास का आधार भी है. उन्होंने कहा कि बदलते समय में व्यापारियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और नई तकनीकों को अपनाना होगा.

एक नजर में

'तुम्हारे लिए प्रेम' पुस्तक का विमोचन

भोपाल (निज संवाददाता). दुष्यंत कुमार पांडुलिपि संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में कवयित्री कविता पंडित की पुस्तक 'तुम्हारे लिए प्रेम' का विमोचन किया गया. यह आयोजन यंग माइंड्स पब्लिशिंग हाउस ने किया, पुस्तक विमोचन के बाद हुए कवि सम्मेलन और मुशायरे में श्रोताओं ने कविताओं और ग़ज़लों का आनंद लिया. कार्यक्रम में कवि तनोज दाधीच की प्रस्तुतियों को खास सराहना मिली. उनकी शायरी पर सभागार तालियों से गूंज उठा. वहीं आयोजक सचिन प्रताप सिंह ने भी अपनी ग़ज़ल से श्रोताओं का ध्यान खींचा .मंच पर शिवी मिश्रा और शिवराज सिंह मेहरा ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा. कार्यक्रम में युवा रचनाकारों को भी मौका दिया गया. दीपाली, देवराज और अनुपम शर्मा ने अपनी रचनाओं के जरिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई .आयोजकों के अनुसार इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य नए और अनुभवी रचनाकारों को एक मंच देना है .कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी मौजूद रहे.

भोपाल के छह खिलाड़ी मप्र ट्रायथलॉन टीम में

भोपाल (खेल प्रतिनिधि). महाराष्ट्र के पुणे में 14 से 16 अगस्त तक होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर, जूनियर और सीनियर ट्रायथलॉन चैंपियनशिप के लिए मध्यप्रदेश की 21 सदस्यीय टीम घोषित कर दी गई है. टीम में सबसे अधिक छह खिलाड़ियों का चयन भोपाल से हुआ है. इससे राजधानी का प्रतिनिधित्व राज्य की सबसे बड़ी टुकड़ी के रूप में होगा. प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय ट्रायथलॉन संघ करेगा. मध्यप्रदेश ट्रायथलॉन संघ के सचिव उमाशंकर व्यास के अनुसार सीनियर, जूनियर, सब जूनियर और पैरा वर्ग के खिलाड़ियों को शामिल करते हुए टीम का चयन किया गया है. भोपाल से सीनियर वर्ग में दुर्विशा पवार और आध्या सिंह, जूनियर वर्ग में आरव शर्मा, आयुष शर्मा, तनिष्क सिंह और अन्वी खंडूरी को जगह मिली है. इनके अलावा नर्मदापुरम, विदिशा, जबलपुर, नीमच, रीवा और बैतूल के खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया गया है.



अग्निवीर भर्ती : दौड़ में 156 में से 122 युवा हुए सफल

भोपाल (खेल प्रतिनिधि). अग्निवीर भर्ती रैली के नौवें दिन बुधवार को युवाओं में सेना में भर्ती होने का उत्साह देखने को मिला. भर्ती प्रक्रिया में शामिल 176 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 156 ने उपस्थिति दर्ज कराई. इनमें 122 उम्मीदवार शारीरिक दक्षता की दौड़ परीक्षा में सफल रहे और अब चयन के अगले चरण में शामिल होंगे. भर्ती अधिकारियों के अनुसार दौड़ पूरी करने वाले अभ्यर्थियों को अब शारीरिक परीक्षण, दस्तावेजों की जांच और मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया से गुजरना होगा. इन सभी चरणों में सफल रहने वाले अभ्यर्थियों का चयन आगे की प्रक्रिया के लिए किया जाएगा. रैली में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे युवाओं ने हिस्सा लिया. सुबह से ही मैदान पर उम्मीदवारों की आवाजाही शुरू हो गई थी. दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने पूरी तैयारी और अनुशासन के साथ प्रदर्शन किया.

नगर में आज

ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव

समय- शाम 5 :00 बजे से, **स्थान-**रवींद्र भवन

शलाका चित्र प्रदर्शनी

समय- दोपहर 2 :00 बजे से, **स्थान-**जनजातीय संग्रहालय

आत्मकल्याण के लिए सजग रहना जरूरी : आचार्यश्री

निज संवाददाता

भोपाल, 5 अगस्त. श्री विद्योदय तीर्थ एमपी नगर में चल रहे वर्षायोग के दौरान बुधवार को धर्मसभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने श्रद्धा, समता और साधना पर प्रवचन दिए. सुबह और दोपहर के अध्ययन सत्रों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.

आचार्यश्री ने प्रवचन में कहा कि मोक्षमार्ग की शुरुआत श्रद्धा से होती है और बिना विश्वास के साधना संभव नहीं. प्रवचन में स्पष्ट किया गया कि देव, गुरु और शास्त्र साधन हैं, साध्य नहीं. साध्य आत्मा की शुद्ध अवस्था है. साधक को हेय को छोड़कर उपादेय को अपनाने और उसके लिए सही उपाय करने पर जोर देना चाहिए. केवल बाहरी धार्मिक क्रियाओं तक सीमित रहने के बजाय उनके वास्तविक उद्देश्य को समझना जरूरी है.

आचार्यश्री ने कहा कि संबंधों में मेरे-तेरे का भाव ही हर्ष और विषाद का कारण बनता है. साधक को इन भावों से ऊपर उठकर आत्मस्वरूप को समझना चाहिए. उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि समता की असली परीक्षा विपरीत परिस्थितियों में होती है, इसलिए हर समय सजग रहना जरूरी है.

श्री विद्योदय तीर्थ में समयसागर महाराज के प्रवचन

> आचार्यश्री ने कहा कि थोड़ी सी असावधानी भी साधक को मार्ग से भटका सकती है, इसलिए निरंतर आत्मनिरीक्षण जरूरी है. साधर्मी के प्रति मैत्री और करुणा का भाव रखने पर भी जोर दिया गया. धर्मसभा में बताया गया कि धर्मानुराग विवेकपूर्ण होना चाहिए और उसे विषयानुराग में बदलने से बचना चाहिए. अंत में साधकों से आह्वान किया गया कि समता, मैत्री और स्वाध्याय के माध्यम से आत्मकल्याण की दिशा में लगातार प्रयास करें.

कायस्थ मंडल का हरियाली महोत्सव 22 अगस्त को

भोपाल, 5 अगस्त. कायस्थ मंडल नगरीय क्षेत्र वेलफेयर सोसाइटी, होशंगाबाद रोड, भोपाल द्वारा 22 अगस्त को शाम 5 बजे से नंदन पैलेस में हरियाली महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा. प्रवक्ता अभय प्रधान ने बताया कि इस हरियाली महोत्सव में सावन सुंदरी प्रतियोगिता, सावन से संबंधित नृत्य-गीत एवं क्विज के कार्यक्रम आयोजित होंगे,

इस आयोजन में जो भी महिला, युवती सम्मिलित होना चाहें, वह अपना नाम मंडल की महिला पदाधिकारी साधना श्रीवास्तव, अनु श्रीवास्तव, नीना सक्सेना एवं मंजूषा श्रीवास्तव के पास भेज सकते हैं.

'नवारंभ' से छात्राओं को मिला मार्गदर्शन

दीनदयाल कन्या महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत

संतनगर प्रतिनिधि

संत नगर, 5 अगस्त. नवयुवक सभा द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय कन्या महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए 'नवारंभ' ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ.

इस अवसर पर नवयुवक सभा के अध्यक्ष वासुदेव बधवानी, कोषाध्यक्ष धर्म प्रकाश मोटवानी, महाविद्यालय के संचालक पुरुषोत्तम टिलवानी तथा प्राचार्य डॉ. प्रिया बुधानी ने छात्राओं का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सफलता के लिए प्रेरित किया.

कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय की विभागाध्यक्ष श्रीमती नीता कोल तथा कला संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या वर्मा ने महाविद्यालय के पाठ्यक्रम और शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी. एनसीसी लेफ्टिनेंट श्रीमती कोमल अमलानी ने एनसीसी की उपयोगिता से परिचित कराया, जबकि डॉ. नमिता जैन ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया.

राष्ट्रीय संगोष्ठी कल से

भोपाल (नवभारत न्यूज). स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय (एसजीएसयू) में 7-8 अगस्त को 'परंपरा और आधुनिकता का बौद्धिक संवाद' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित होगी. यह कार्यक्रम ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से होगा. आयोजकों के अनुसार देशभर के शिक्षाविद, शोधकर्ता और विद्यार्थी भारतीय ज्ञान परंपरा, समकालीन चुनौतियों और बदलते सामाजिक परिदृश्य पर विचार साझा करेंगे. देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से 60 से अधिक शोध-पत्र प्राप्त हुए हैं. चयनित शोधार्थी और प्राध्यापक अपने शोध प्रस्तुत करेंगे.

एनआईटीटीटीआर और उच्च शिक्षा विभाग में हुआ एमओयू

शिक्षकों और कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

निज संवाददाता

भोपाल, 5 अगस्त. राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) भोपाल और मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के बीच शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण को लेकर समझौता (एमओयू) हुआ.

इस समझौते का उद्देश्य सरकारी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारना और छात्रों को रोजगार के लिहाज से बेहतर तैयार करना है.कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार मौजूद रहे.

अधिकारियों के मुताबिक इस समझौते के तहत शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे.

नशे के खिलाफ मंच पर उतरे शहर के युवा

बीयू में 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम

निज संवाददाता

भोपाल,5 अगस्त. युवाओं ने नशे के खिलाफ मजबूत संदेश दिया. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के ज्ञान विज्ञान भवन में आयोजित 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम में 250 से ज्यादा छात्र-छात्राएं शामिल हुए और नशामुक्त भारत का संकल्प लिया.

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत माय भारत भोपाल और एनएसएस के संयुक्त आयोजन में हुए इस कार्यक्रम का मकसद युवाओं को नशे के खतरे समझाना और उन्हें सही दिशा में

प्रेरित करना रहा. योजन में शामिल युवाओं ने साफ कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज को नुकसान पहुंचाता है.कार्यक्रम में अलग-अलग प्रतियोगिताओं के जरिए युवाओं ने अपनी बात रखी. नुक्कड़ नाटक, समूह नृत्य, संगीत, मूकाभिनय, चित्रकला, वाद-विवाद, नारा लेखन और रील मेकिंग जैसी गतिविधियों में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. कई प्रस्तुतियों में नशे की वजह से बिगड़ते परिवार और करियर पर असर को दिखाया गया, जिसे दर्शकों ने गंभीरता से लिया.

प्रशिक्षण | बीएचईएल में कर्मचारियों के लिए तकनीकी एमआरएस सत्र आयोजित

रिटायर अफसर ने साझा किए टरबाइन निर्माण के अनुभव

बीएचईएल संवाददाता

भोपाल, 5 अगस्त. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भोपाल में कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता और विनिर्माण विशेषज्ञता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अर्धदिवसीय एमआरएस तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में एफडब्ल्यूएम एवं सीडीई विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया.

सत्र में अपर महाप्रबंधक (एचआरडी) आरिफ अहमद सिद्दीकी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बीएचईएल के सेवानिवृत्त अधिकारी मदन लाल कारपेंटर थे. उन्होंने अपने तीन दशक से अधिक के व्यावसायिक अनुभव के आधार पर जल एवं भाप टरबाइन के निर्माण, उत्पादन प्रक्रियाओं तथा नवीन तकनीकी प्रगति पर विस्तृत जानकारी दी.

उन्होंने उत्कृष्ट विनिर्माण पद्धतियों, गुणवत्ता सुधार और उत्पादन क्षमता बढ़ाने से जुड़े व्यावहारिक अनुभव भी कर्मचारियों के साथ साझा किए. संवादात्मक सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने कार्यस्थल पर आने वाली तकनीकी चुनौतियों से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका समाधान मुख्य वक्ता ने अपने अनुभव के आधार पर विस्तार से प्रस्तुत किया.

> बीएचईएल अधिकारियों के अनुसार, इस प्रकार के तकनीकी सत्र कर्मचारियों के ज्ञानवर्धन के साथ उनकी कार्यकुशलता और तकनीकी क्षमता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय प्रबंधक (एचआरडी) कीर्ति सिंह ने किया.

मृगनयनी में साड़ी उत्सव शुरू

निज संवाददाता

भोपाल,5 अगस्त. मृगनयनी जीटीबी में बुधवार से चंदेरी और कोसा साड़ी उत्सव की शुरुआत हुई, जिसमें मध्यप्रदेश की पारंपरिक बुनाई और हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया जा रहा है. यह उत्सव 17 अगस्त तक चलेगा. यहां एक ही जगह पर प्राकृतिक रंगों से तैयार साड़ियां और हस्तशिल्प उत्पाद उपलब्ध हैं.प्रदर्शनी में टसर सिल्क खास आकर्षण बना हुआ है, जिसे शिल्पी नवीन शर्मा ने प्रस्तुत किया है.

यह सिल्क अपनी हल्की बनावट, मजबूती और प्राकृतिक सुनहरी चमक के लिए जाना जाता है. शिल्पियों के अनुसार, इसे

जंगलों में पाए जाने वाले रेशम के कोकून से तैयार किया जाता है और पारंपरिक करघों पर बुना जाता है.प्रदर्शनी प्रभारी के अनुसार,चंदेरी साड़ियों में जरी किनार पर बादल महल की डिजाइन उकेरी गई है, जो इन्हें अलग पहचान देती है. इसके अलावा पंचधातु और बेल मेटल की मूर्तियां भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं. आयोजकों का कहना है कि उत्सव का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को मंच देना है.